नगर आयुक्त ने पथ विक्रेताओं को प्रधानमंत्री की 08 केंद्रीय योजनाओं से जोड़े जाने हेतु जागरुक किया गया

शाहजहांपुर (धारा न्यूज)। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर क्षेत्र के बरेली मोड़ पर पथ विक्रेताओं को प्रधानमंत्री की 08 केंद्रीय योजनाओं से जोड़े जाने हेतु जागरुक किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त ने बरेली मोड़ स्थित टेंपो स्टैंड पर स्थित रेहड़ी, ठेला, सब्जी एवं फल विक्रेताओं को प्रधानमंत्री के द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रम डिजिटल लेनदेन किए जाने हेतु प्रेरित किया। साथ ही इससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत "स्वनिधि से समृद्धि" के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया और कहा गया की इस योजना के अंतर्गत उन्हें केंद्रीय योजनाओं जिनमें वन नेशन वन राशन कार्ड, प्रधानमंत्री सुरभि बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना, बी.ओ.सी.डब्ल्यू. के अंतर्गत भवन निर्माण हेतु पंजीकरण, पीएम श्रमयोगी मानधन योजना, जननी सुरक्षा योजना, पीएम जन धन योजना एवं रुपे कार्ड तथा पीएम मातृत्व योजना के अंतर्गत पहली बेटी होने पर 5000 दिए जाने के तथ्यों से अवगत कराया गया। नगर आयुक्त द्वारा परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देशित किया गया कि वह इस योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ें और अत्यंत शीघ्रता से माननीय प्रधानमंत्री की योजनाओं के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ परियोजना अधिकारी डूडा अतुल कुमार पाठक एवं दीपक कुमार उपस्थित रहे।